# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक: 3022/FP/UK/ROAD/8880/2015 दिनॉक:देहरादून: 24 अप्रैल, 2015

अ0 अ0
पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0
सिंचाई खण्ड, उत्तरकाशी
डायरी नं0 482
मार्क ...
दिनांक 23/4/15

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड,
उत्तकराशी।

विषयः– जनपद–उत्तकाशी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत चिन्यालीसौड़ से कोट–बागी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.262 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग(पी0एम0जी0एस0वाई0) को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– राज्य सरकार, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4 का पत्रांक 216/X-4-15/1(94)/2015 दिनांक 17–03–2015 (प्रति संलग्न)

महोदय,

राज्य सरकार, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4 के उपर्युक्त विषयक संदर्भित पत्र के द्वारा विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रकरण पर कतिपय शर्तो के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में अधिरोपित निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन किया जाना है :–

1. शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रस्तावित मार्ग के दोनों ओर रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रख–रखाव हेतु रू0 6,00,000.00 (रू0 छः लाख) मात्र की धनराशि सम्बन्धित कोष में जमा की जानी है।
2. शर्त संख्या–2 के अनुपालन में रू0 2,21,390.00 (रू0 दो लाख इक्कीस हजार तीन सौ नब्बे) मात्र एन0पी0वी0 की धनराशि जमा की जानी है।
3. शर्त संख्या–3 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वचनबद्धता प्रस्तुत करेंगे कि सक्षम स्तर से यदि एन0पी0वी0 की दरों में बढ़ोत्तरी होती है तो बढ़ी हुई दर से प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा धनराशि जमा करायी जायेगी।
4. शर्त संख्या–4 व 5 के अनुपालन में देय धनराशियों को प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उक्त मदो में देय धनराशियों को RTGS के माध्यम से Compensatory Afforestation Fund, (CAF) Uttaranchal SB A/C No. 037100101025229 कारपोरेशन बैंक, लोधी शाखा, नई दिल्ली में जमा करने का कष्ट करें। RTGS हेतु कारपोरेशन बैंक का IFSC Code-CORP0000371, MICR Code-110017007 एवं Branch Code-000371 है। कारपोरेशन बैंक की लोधी रोड़ शाखा में जमा करायी गयी धनराशि की पुष्टि हेतु कारपोरेशन बैंक द्वारा जारी पुष्टि का पत्र मय UTR नं0 भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि इसकी सूचना तदर्थ कैम्पा को प्रेषित की जा सके।
5. शर्त संख्या–6 के अनुपालन में प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिये जनपद कार्यबल की संस्तुतियों एवं भू–वैज्ञानिक के सुझावों के अन्तर्गत सुरक्षा उपायों हेतु निर्धारित बजट की सूचना उपलब्ध करायी जानी है एवं इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना है कि जनपद–कार्यबल की संस्तुतियों एवं भू–वैज्ञानिक के सुझावों का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा।
6. शर्त संख्या–7 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्ताव में निहित किसी भी निर्धारित शर्त का अनुपालन नहीं होने अथवा असंतोषजनक अनुपालन होने की स्थिति में राज्य सरकार, पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा स्वीकृति को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

7. शर्त संख्या–8 के अनुपालन में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत आवश्यक अभिलेख/प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8. शर्त संख्या–9 उपरोक्त शर्तों के अनुपालन होने के पश्चात प्रकरण में विधिवत स्वीकृति हेतु शासन को लिखा जायेगा।

अतः राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित उक्त शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से तीन प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नः–यथोपरि।

भवदीय,

(एच0टी0एस0 लेप्चा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

संख्या / FP/UK/ROAD/8880/2015 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, लोक निर्माण विभाग/पी0एम0जी0एस0वाई0, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. जिलाधिकारी, जनपद–उत्तरकाशी।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरकाशी वन प्रभाग, उत्तरकाशी। (संलग्नः–यथोपरि)
5. मुख्य अभियन्ता, यू0आर0आर0डी0ए0, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून। (संलग्नः–यथोपरि)

(एच0टी0एस0 लेप्चा)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी

# उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण

ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन का अभिकरण
प्रथम तल, पंचायती राज निदेशालय,
आई०टी० पार्क के सामने, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
दूरभाष :– 0135–2608125 फैक्स :– 2608126 ई–मेल :–urrda@yahoo.com

पत्रांक 402 /आई–3–20/यू०आर०आर०डी०ए०/12 दिनाँक 18 मई 2015

सेवा में,

शाखा प्रबन्धक,
ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स,
रेसकोर्स, देहरादून।

विषयः–प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत आपकी शाखा में संचालित राज्य मद खाता सं0 15262011001939 से कारपोरेशन बैंक लोधी शाखा नई दिल्ली के खाता सं0–037100101025229, में धनराशि जमा करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक निम्न सूची के अनुसार चैक सं0–058219 दिनांक 18.05.2015 धनराशि रु0 **82,25,131.00** संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि कृपया इसका भुगतान RTGS के माध्यम से Compensatory Afforestation Fund (CAF) Uttarachal SB/Ac No 037100101025229 कारपोरेशन बैंक लोधी शाखा नई दिल्ली को करने का कष्ट करें। RTGS हेतु कारपोरेशन बैंक का विवरण निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| Name:- | Compensatory Afforestation Fund (CAF) Uttrakhand |
| Name of Bank:- | Corporation Bank |
| Address:- | Lodhi Road Branch New Delhi. |
| IFC Code:- | CORP0000371 |
| A/C No:- | 037100101025229 |
| MICR Code:- | 110017007 |
| Branch code: - | 00371 |

| क्रसं | प्रस्ताव का नाम | नोडल अधिकारी के सैद्धान्तिक स्वीकृति का पत्रांक एवं दिनांक | जनपद | देय धनराशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | क्षतिपूरक वृक्षारोपण | एन0पी0वी0 | मार्ग के दोनों ओर वृक्षारोपण हेतु | योग |
| 1 | रैंकु से मटियाणा मोटर मार्ग | पत्रांक–3029/F.P./U.K/Road/9684/2015 दिनांक 25.04.2015 | चमोली | 1360216.00 | 4018820.00 | 1359000.00 | 6738036.00 |
| 2 | भीरी से डमार मोटर मार्ग | पत्रांक–3017/F.P./U.K/Road /10928/2015 दिनांक 14..04.2015 | रूद्रप्रयाग | 192665.00 | 473040.00 | | 665705.00 |
| 3 | चिन्यालीसौड से कोट–बागी मोटर मार्ग | पत्रांक–3022/ F.P./U.K/Road /8880/2015 दिनांक 24..04.2015 | उत्तरकाशी | 600000.00 | 221390.00 | | 821390.00 |
| | | | योग | **2152881.00** | **4713250.00** | **1359000.00** | **8225131.00** |

संलग्नक–उक्त चैक

अधिशासी अभियन्ता
यू0आर0आर0डी0ए0
18/05/15

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित**

1. नोडल अधिकारी एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, वन विभाग, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. अधिशासी अभियन्ता, पी0आई0यू0 (पी0एम0जी0एस0वाई0), चमोली/रूद्रप्रयाग/उत्तरकाशी।

TR No = ORBCH 15139068506
Dt = 19/5/15

अधिशासी अभियन्ता
यू0आर0आर0डी0ए0